सराहनीय कार्य
इटावा पुलिस

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस नोट- दिनांक 22.02.2026

- **इटावा पुलिस द्वारा थाना इकदिल क्षेत्रान्तर्गत रेलवे ट्रैक पर मिले अज्ञात शव की पहचान कर घटना का सफल अनावरण**
- **प्रेम प्रसंग मे की गयी हत्या का खुलासा।**
- **01 अभियुक्त गिरफ्तार, आलाकत्ल चाकू, 02 मोबाइल व घटना मे प्रयुक्त टाटा नेक्सॉन कार बरामद।**
- **अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा के पर्यवेक्षण में एसओजी/सर्विलांस टीम एवं थाना भरथना पुलिस टीम द्वारा की गयी कार्यवाही।**

घटना/गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरणः-

दिनांक 19/20.02.2026 की रात्रि को थाना इकदिल पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि एक अज्ञात शव डीएफसी रेलवे ट्रैक पर पड़ा है। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे मे लेकर शिनाख्त करायी गयी जिसमे मृतक की पहचान मनीष यादव पुत्र राजवीर सिंह निवासी ग्राम नगला बंधा थाना भरथना जनपद इटावा के रुप मे हुई। जांच मे ज्ञात हुआ कि मृतक मनीष यादव उपरोक्त गुमशुदगी दिनांक 18.02.26 को समय करीब 20.06 बजे थाना भरथना पर पंजीकृत की गयी थी।

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये **वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री बृजेश कुमार श्रीवास्तव** द्वारा एसओजी/सर्विलांस व थाना पुलिस की संयुक्त **03 टीमो** का गठन कर घटना के शीघ्र अनावरण हेतु निर्देशित किया गया। गठित पुलिस टीमों द्वारा गहन जांच, सर्विलांस व पूछताछ के आधार पर यह तथ्य प्रकाश मे आये कि **घटना प्रेम प्रसंग से सम्बन्धित है**। अभियुक्त अभिषेक यादव पुत्र रविन्द्र यादव निवासी केशोपुर कलां थाना इकदिल जो मृतक मनीष को अपनी बहन से बात करने की बात जान गया था तथा अपनी बहन को उसके साथ पूर्व में कहीं देख लिया था इसलिये षडयन्त्र के तहत योजना बनाकर अपने साथी 2. विपिन यादव पुत्र हृदयराम यादव निवासी ग्राम मानिकपुर भीखन थाना इकदिल जनपद इटावा 3. दीपक पुत्र अरविंद कुमार निवासी केशोपुर कलां थाना इकदिल जनपद इटावा के साथ मिलकर मृतक मनीष को लिफ्ट देने के बहाने चार पहिया गाड़ी में बैठाकर दिनांक 18.02.2026 को पूर्वांह में ही थाना इकदिल अन्तर्गत सुनसान जगह पर ले जाकर उसकी हत्या कर दी तथा दूसरे दिन शव को छिपाने तथा साक्ष्य को मिटाने के उद्देश्य से थाना इकदिल क्षेत्रान्तर्गत रेलवे ट्रैक पर रखकर मौके से फरार हो गये थे

उल्लेखनीय है कि पुलिस के पास 18.02.2026 की शाम को जब परिजन गुमशुदगी की रिपोर्ट लिखाने आये थे उसके पूर्व ही मनीष की हत्या अभियुक्तों द्वारा की जा चुकी थी।

जनपद मे अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं हत्या करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम मे आज दिनांक 22.02.2026 को एसओजी/सर्विलांस एवं थाना भरथना पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त दीपक पुत्र अरविंद कुमार निवासी केशोपुर कलां थाना इकदिल जनपद इटावा को गिरफ्तार किया गया।

इटावा पुलिस द्वारा त्वरित कार्यावाही करते हुये घटना का सफल अनावरण कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। अन्य अभियुक्तों को गिरफ्तारी हेतु निरंतर सार्थक प्रयास किये जा रहे है।

उक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध मे वादी की तहरीर पर दिनांक 21.02.2026 को थाना भरथना पर पंजीकृत मु0अ0सं0 40/26 धारा 103(1)/61(2)/140(1)/238 बीएनएस मे धारा 3(5) बीएनएस व 4/25 आर्म्स एक्ट की बढोत्तरी की गयी।

पुलिस पूछताछः-

पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त दीपक कुमार पुत्र अरविंद कुमार से पूछताछ में उसके द्वारा बताया गया कि मृतक मनीष यादव का सहअभियुक्त अभिषेक यादव की बहन से प्रेम संबंध था, जिसको लेकर अभियुक्तगण मृतक से रंजिश रखने लगे थे। अभियुक्त द्वारा बताया गया कि दिनांक 18.02.2026 को पूर्व नियोजित योजना के तहत अपने साथियों के साथ मिलकर मृतक मनीष को लिफ्ट देने के बहाने टाटा नेक्सॉन कार में बैठाया गया। तथा इकदिल क्षेत्र के सुनसान स्थान पर ले जाकर मृतक के साथ गाली-गलौज एवं मारपीट की गयी। विरोध करने पर अभियुक्त द्वारा चाकू से मृतक पर वार किये गये।

अभियुक्त ने बताया कि सहअभियुक्तगण के साथ मिलकर हत्या के उपरांत साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से मृतक के कपड़े, जूते व अन्य सामग्री को जलाया गया तथा शव को रस्सी से बांधकर वाहन में रख लिया गया। घटना को दुर्घटना प्रदर्शित करने हेतु शव को डीएफसी रेलवे ट्रैक पर रखकर मौके से फरार हो गये। अभियुक्त की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल चाकू, टाटा नेक्सॉन कार बरामद किये गये।

गिरफ्तार अभियुक्तः-

1. दीपक पुत्र अरविंद कुमार निवासी केशोपुर कलां थाना इकदिल जनपद इटावा।

पंजीकृत अभियोगः-

मु0अ0सं0 40/26 धारा 103(1)/61(2)/140(1)/238 बीएनएस थाना भरथना जनपद इटावा।

बरामदगीः-

1. 01 अवैध चाकू आलाकत्ल
2. 01 कार टाटा नेक्सॉन घटना मे प्रयुक्त UP 79 AA 8116
3. 02 मोबाइल

पुलिस टीमः- प्रथम टीम- एसओजी व सर्विलांस टीम।

द्वितीय टीमः- प्रभारी निरीक्षक श्री विक्रम सिंह थाना भरथना,निरी0 श्री अरिमर्दन सिंह, का0 रिंकू सिंह, चा0हे0का0 आशूतोष मय टीम।